जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-22 जयपुर, सोमवार, 14 जून, 2021 वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# अनाथ बच्चों को लेकर राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला



जयपुर (हमारा वतन) कोविड-19 महामारी से अपने माता-पिता को खो चुके अनाथ बच्चों का सहारा अब राज्य सरकार बनेगी। कोरोना के कारण माता-पिता दोनों को अथवा एकल जीवित माता या पिता को खोने वाले बेसहारा बच्चों को 'मुख्यमंत्री कोरोना बाल कल्याण योजना' के तहत तत्काल सहायता के रूप में एक लाख रूपये का एकमुश्त अनुदान तथा 18 वर्ष पूरे होने तक ढ़ाई हजार रूपये की राशि प्रतिमाह दी जाएगी। अनाथ बालक-बालिका के 18 वर्ष की उम्र होने पर उसे 5 लाख रूपये एकमुश्त सहायता दी जाएगी। ऐसे बच्चों को 12वीं कक्षा तक पढाई की सुविधा आवासीय विद्यालय अथवा छात्रावास के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

कोविड-19 महामारी के कारण बेसहारा हुई कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। कॉलेज में पढ़ने वाले बेसहारा छात्रों को 'अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना' का लाभ मिलेगा। कोविड महामारी से प्रभावित निराश्रित युवाओं को 'मुख्यमंत्री युवा संबल योजना' के तहत बेरोजगारी भत्ता दिए जाने में प्राथमिकता दी जाएगी। इस महामारी के कारण अपने पति को खो चुकी विधवा महिलाओं को भी राज्य सरकार द्वारा एकमुश्त एक लाख रूपये की सहायता अनुदान के रूप में दी जाएगी। साथ ही, ऐसी विधवाओं को प्रतिमाह डेढ़ हजार रूपये विधवा पेंशन दी जाएगी। इसके लिये आयु वर्ग एवं आय की कोई भी सीमा नहीं होगी। इन विधवाओं के बच्चों को निर्वाह के लिए एक हजार रूपये प्रतिमाह तथा स्कूल ड्रेस एवं किताबों के लिए दो हजार रूपये सालाना प्रति बच्चा दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कोरोना की दूसरी लहर में एक मात्र सहारा छिन जाने से कई बच्चे बेसहारा हो चुके हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए इनके लिए पैकेज तैयार करने के निर्देश दिये थे।



## प्रयास फाउंडेशन ने बांटी जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री

बिलोंची (हमारा वतन) कोरोना महामरी में कोई भूखा ना सोए इसको लेकर प्रयास फाउंडेशन द्वारा बिलोची में जरूरतमंदों परिवारों को खाद्य सामग्री बांटी गई ।

प्रयास फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. शिखा मील ने कहा कि प्रयास फाउंडेशन द्वारा एक छोटा सा प्रयास स्वास्थ्य, शिक्षा और मानवता को समर्पित है। हम सभी को जितना संभव हो सके गरीब और असहाय लोगों की सहायता करनी चाहिए । खाद्य सामग्री किट में आटा, तेल, दाल, चावल, चीनी, चाय, मिर्ची, हल्दी, जीरा, आलू, प्याज आदि शामिल रहे।

इस दौरान पदमश्री गुलाबो सपेरा, सोनू तॅवर, अंजली चौधरी, पप्पू राम, सुरेश शेरावत, विकास सैनी, बिनू सैनी, सूरज चौधरी, कृष्ण कुमार सैनी भी मौजूद रहे ।

## विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के लिए 5 करोड़ की मिली स्वीकृति

जयपुर (हमारा वतन) विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 9 मिसिंग लिंक और 1 नॉन पेचेबल कुल 18.70 किलोमीटर की सड़कों के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपयों की राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है।



9 मिसिंग लिंक सड़कें जिसमें समरपुरा से बिलोची सीमा तक 0.80 किमी. लागत 20.80 लाख, मीणों का मोहल्ला आलीसर से कुमावतों की ढाणी तक 3 किमी. लागत 78 लाख, नांगल गोविंद से सीकर सीमा तक 2.30 किमी. लागत 57.50 लाख, बाई का बास से घिनोई तक 1.10 किमी. लागत 28.60 लाख, कल्याण मोड़ से सीकर सीमा तक 1.30 किमी. लागत 33.80 लाख, मोरीजा से नवोडी कोठी सुल्तानपुरा तक 2.30 किमी. लागत 73.60 लाख, पेट्रोल पंप सड़क से बस स्टैंड खाल्डा चंदवाजी सड़क 1.40 किमी. लागत 39.20 लाख, विमलपुरा से जालिम सिंह का बास तक 2.60 किमी. लागत 78 लाख, कालाडेरा से भीलपुरा सीमा तक वाया चाहरो की ढाणी 2.90 किमी. लागत 78.50 लाख और एक नॉन पेचेबल सड़क जिसमे संपर्क सड़क भोपा की ढाणी 1 किमी. लागत 12 लाख रुपये शामिल है। विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र में 18.70 किलोमीटर की सड़कों के लिए 5 करोड़ रुपयों की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल डीजल व रसोई गैस के बढ़ते दामों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का फूंका पुतला

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

❒ बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ किया आक्रोश व्यक्त



चौमूं (हमारा वतन) बढ़ती महंगाई के खिलाफ पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के नेत्तृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका आक्रोश व्यक्त किया। पूर्व विधायक सैनी ने एसडीएम उपेंद्र कुमार शर्मा को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने महंगाई को कम करने का वादा किया था लेकिन आज इसके विपरीत हो रहा है। आज देश में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थ, सोयाबीन तेल व सरसों तेल के दामों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। जबकि कच्चे तेल के दाम बहुत ही कम होने पर भी पेट्रोल-डीजल के दाम रोजाना बढ़ाया जा रहे हैं। यदि ऐसे ही महंगाई वृद्धि होती रही तो आम जनता को दो वक्त की रोटी खाने के भी लाले पड़ जाएंगे।

बढ़ती महंगाई ने मध्यवर्ग, मजदूरों व किसानों की कमर तोड़ दी है,लेकिन मोदी सरकार को इन सभी जरूरी सामानों के मूल्य पर अंकुश लगाने की बिल्कुल चिंता नहीं है। बल्कि मोदी सरकार को सिर्फ सत्ता पर आसीन होने की चेष्टा करती है। मोदी सरकार को ना तो गरीब, युवाओं, महिलाओं, मजदूर,किसान ,व्यापारियों की कोई चिंता है । सिर्फ देश की सरकारी संपत्ति को निजीकरण करने में ज्यादा ध्यान दे रही हैं, जो देश के विकास के लिए बहुत ही घातक है।

इस दौरान चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नानगराम लांबा, सरपंच संघ अध्यक्ष मदनलाल टोडावता, उपसरपंच मांगीलाल बलेसरा, वरिष्ठ कांग्रेस शरद चंद चौहान, गिरिराज देवेंदा, राजकुमार शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकला नागोरी, शिल्पा सौकरिया, पार्षद सीताराम जीतरवाल, अर्जुन सैनी, धीरेंद्र सैनी, कन्हैया गोयल, कमल भातरा, अशोक कुमार रच्छौया, रमेश चंद्र सैनी, महेश कुमार मीणा, अनिल कुमार सैनी, शंकरलाल जांगिड़, आमिर खान, इमामुद्दीन कुरेशी, सायर मल माली, मुकेश कुमार पांच्या, संजय योगी, राकेश कुमावत, महेश कुमार नायक, मालीराम नेटवाडिया, अशोक कुमार प्रजापत, छीतरमल बबेरवाल, शंकरलाल शर्मा, विनोद कुमार आर्य, पवन कुमार वर्मा, अभिषेक मोरदिया, दिनेश गोरा, मनीष सैनी, अजय जाटावत, सलमान कुरेशी, डॉ. नरसी लांबा, गेन्दीलाल सैनी, अर्जुन सौकरिया, मुन्ना पठान, कैलाश बुटोलिया, छीतरमल जलथुरिया, एमडी भदला, लालाराम गुलिया, गोपाल गुलिया, सूरज शर्मा व राकेश इंदौरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टीम इन्द्र वशिष्ट ने लगाए बेजुबानों के लिए परिंडे



चौमूं (हमारा वतन) टीम इन्द्र वशिष्ट के तत्वाधान में बेजुबान पक्षियों के लिए जलदाय विभाग चौमूं में परिंडे लगाए गए ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ट के नेतृत्व में ये परिंडा लगाओ अभियान चलाया जा रहा है । राष्ट्रीय संरक्षक पं. रविंद्र आचार्य ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते बेजुबान पक्षियों के लिए सभी देशवासियों को पक्षियों के लिए परिंडे लगाने चाहिए । इस पुण्य कार्य का सभी को भागीदार बनना चाहिए । पक्षियों के जीवन को बचाना हमारा कर्तव्य है। सहायक अभियंता श्रीमति ज्योति सैनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय संरक्षक पं. रविंद्र आचार्य का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कानाराम जाट, दीपक नायक कनिष्ठ सहायक , पृथ्वीराज , जितेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉ अशोक पनगड़िया का निधन, मरीज की बातें सुनकर ही उसकी तकलीफ जान लेते थे



जयपुर (हमारा वतन)। देश के जाने-माने न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अशोक पनगड़िया का जयपुर में निधन हो गया। डॉ अशोक अपने बैच के सबसे होशियार स्टूडेंट थे। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज (SMS) के स्टूडेंट रहे डॉ. पनगड़िया न्यूरोलॉजी में डॉक्टरेट इन मेडिसिन (DM) की डिग्री (न्यूरोलॉजी में) पाने वाले राजस्थान के पहले डॉक्टर थे। पनगड़िया उस समय के पहले डॉक्टर थे, जो PGI चंडीगढ़ से न्यूरोलॉजी में (DM) डिग्री करके आए थे। उन्होंने अपने समय मिर्गी रोग से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए कई प्रयास किए थे। डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ बेल्ट में करीब 5-7 साल तक खूब कैंप लगाए थे।

**एक करोड़ रुपए महीने का पैकेज ठुकराया**

SMS मेडिकल कॉलेज से रिटायर्ड होने के बाद उन्होंने अपने मरीजों को घर पर ही देखना जारी रखा। SMS मेडिकल कॉलेज में 30 साल से ज्यादा समय तक शिक्षक के तौर पर अनुभव रखने वाले डॉ.पनगडिया राष्ट्रीय न्यूरोलॉजी अकादमी के अध्यक्ष रहने के साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उनके इसी अनुभव को देखते हुए देश के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल ने उन्हें अपने साथ जुड़ने का ऑफर भी दिया था। इसके लिए उस ग्रुप ने एक करोड़ रुपए महीने का पैकेज भी निर्धारित किया था, लेकिन डॉक्टर पनगड़िया ने मरीजों की सेवा के लिए इस ऑफर को ठुकरा दिया था। वे अपने मरीज को जब दूर से चलकर आता देखते थे तो उनकी तकलीफ का अंदाजा लगा लिया करते थे। जब कोई मरीज पहली बार उन्हें अपनी बीमारी दिखाने आता था, तब वे उनकी बातें सुनकर ही यह अंदाजा लगा लेते थे कि उस व्यक्ति को तकलीफ क्या है? कहां जाता है कि वे अपनी मरीजों से जांचें भी बहुत ही कम करवाया करते थे।

**2019 में हासिल की थी मेडिकल साइंस सेक्टर की सबसे बड़ी डिग्री**

डॉक्टर पनगड़िया ने 1972 में SMS मेडिकल कॉलेज से MBBS की डिग्री लेने के बाद इसी कॉलेज से 1976 में MD की। इसके बाद उन्होंने PGI चंडीगढ़ से न्यूरोलॉजी में DM की डिग्री हासिल की और वापस जयपुर आ गए। 1992 में राजस्थान सरकार की ओर से मेरिट अवॉर्ड मिला। वे SMS में न्यूरोलॉजी के विभागाध्यक्ष रहे। 2006 से 2010 तक प्रिंसिपल रहे। 2002 में उन्हें मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने डॉ. बीसी रॉय अवॉर्ड दिया। 2014 में उन्हें पद्मश्री से नवाजा गया। साल 2019 में उन्हें मेडिकल साइंस सेक्टर की सबसे बड़ी D.Sc की डिग्री भी हासिल की थी, जो प्रवरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल में दी गई।

**पनगड़िया के गांव में शोक की लहर**

डॉ. पनगड़िया मूलतः भीलवाड़ा के सुवाणा कस्बे के रहने वाले थे। इनका आज भी पैतृक गांव में घर हैं। इनके पिता स्व. बालूराम पनगड़िया की स्मृति में गांव में एक पुस्तकालय है। उनका गांव से काफी जुड़ाव था। इनके भाई अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरविंद पनगड़िया समेत पूरे परिवार का भीलवाड़ा के निकट सांगानेर में सिंदरी के बालाजी का मंदिर में अटूट आस्था हैं। गांव के लोग बताते हैं कि ये लोग जब भी सुवाणा आते हैं तो सिंदरी के बालाजी के दर्शन करने जरूर जाते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से इनका गांव में आना-जाना कम था, लेकिन फोन पर संपर्क में रहते हैं। उनके निधन की सूचना पर उनके गांव में भी शोक की लहर दौड़ पड़ी।

# डॉ आर एस जाखड़ को जिला कलेक्टर अविचल चतुर्वेदी ने किया सम्मानित



रींगस (हमारा वतन) कोविड-19 संकट काल के दौरान जिला चिकित्सालय में आई ऑक्सीजन की कमी के अभाव में जिला कलेक्टर ने गंभीर मरीजों को समुचित प्राणवायु उपलब्ध कराने के लिए जनसहयोग से ऑक्सीजन प्लांट लगवाने के लिए आमजन से आग्रह किया था, जिस पर सीकर के भामाशाओं, दानदाताओं ने दिल खोलकर आवश्यक सहयोग प्रदान किया। जिला कलेक्टर चतुर्वेदी ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान समारोह में इन भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट लगाने की मुहिम जन सहयोग से चलाई जा रही थी। इसमें हमें सफलता मिली है और प्लांट की भूमि चिन्हित की जाकर उसका काम भी शुरू हो चुका है तथा जल्द ही प्लांट क्रियाशील होने की स्थिति में आ जायेगा। इसी कड़ी में जितने भी लोगों ने अपना वित्तीय सहयोग दिया है या अन्य किसी तरह से इस मुहीम को सफल बनाने में अपनी सहायता दी है, उनकों जिला प्रशासन लगातार सम्मानित कर रहा है। उन्होंने सीकर जिले के नागरिकों का आभार व्यक्त किया कि दानदाताओं ने इस मुहीम को सफल बनाने में जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि यह ऑक्सीजन प्लांट आगामी समय में सीकर जिले के लिए प्राण वायु का स्त्रोत बनेगा। सम्मान समारोह में जेडी हॉस्पिटल रींगस के डायरेक्टर डॉ आर एस जाखड़ द्वारा कोविड-19 संकट काल में सराहनीय कार्य रहने पर डॉ जाखड़ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर धारासिंह मीणा, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग राकेश लाटा सहित भामाशाह उपस्थित रहे।

# आगामी वर्षों में प्रदेश में संभावित विद्युत मांग को पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाएं- बी.डी.कल्ला

जयपुर (नि.सं.)। ऊर्जा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने राज्य की आगामी वर्षों में संभावित विद्युत मांग व उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभी से इसकी योजना बनाकर कार्य शुरु करें ताकि आगामी समय में किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन के ब्लॉक में बिजली आपूर्ती के लिए आवश्यक बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। डॉ. कल्ला की अध्यक्षता में विद्युत भवन में आयोजित बैठक में प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा एवं अध्यक्ष डिस्कॉम्स दिनेश कुमार, राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक आर.के.शर्मा, जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक नवीन अरोड़ा सहित प्रसारण, उत्पादन, ऊर्जा विकास निगम एवं डिस्कॉम्स के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के प्रारम्भ में राजस्थान राज्य की आगामी वर्षों में संभावित विद्युत मांग को पूरा करने की कार्य योजना के बारे में राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता ने प्रजेन्टेशन देकर कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। प्रजेन्टेशन में बताया गया कि बिजली की मांग व उपलब्धता के अन्तर को पूरा करने के लिए ऊर्जा विकास निगम की ओर से बाजार में उपलब्ध सस्ती बिजली की खरीद कर आपूर्ति की जाती है और जब मांग कम होती है तो आवश्यकतानुसार दूसरों को बिजली देते भी हैं।

# दिव्यांगों के प्रति संवेदना रखते हुए उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलें -राज्यपाल

जयपुर (नि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने दिव्यांगों को समाज में सहज, अनुकूल, भेदभाव रहित और न्यायोचित माहौल प्रदान किए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को मानसिक और शारीरिक रूप में संबल प्रदान कर सक्षम बनाने के साथ ही उन्हें रोजगार, शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए बेहतर अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। मिश्र वाराणसी में 'संजीवनी थेरपी सेंटर फॉर स्पेशल चिल्ड्रन' के शिलान्यास और भूमिपूजन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास और समाज में उनकी निर्बाध भागीदारी के लिए भी सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अवसर मिले तो दिव्यांग आम व्यक्ति से अधिक बेहतर कर सकते हैं।

उन्होंने 'संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसायटी' द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा के साथ ही विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों को केन्द्र में रखकर उनकी थैरेपी से संबंधित सेवाओं के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शरीर से जुड़ी व्याधियों की गहराई में जाते हुए उसका समुचित उपचार करने के लिए विभिन्न थैरेपियों के जरिए उन्हें स्वस्थ करने की संजीवनी थेरपी सेंटर फॉर स्पेशल चिल्ड्रन की मुहिम दूसरों के लिए भी अनुकरणीय है।

उन्होंने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के साथ ही उनकी थैरेपी और स्किल डवलपमेंट के लिए किए जाने वाले कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सेवा की ही आज समाज को अधिक आवश्यकता है जिससे दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें सभी स्तरों पर सक्षम बनाने के लिए कार्य किया जाए। राज्यपाल मिश्र ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजन को संविधान की उद्देश्यिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया । राज्यपाल ने शिलान्यास और भूमि पूजन के उपरान्त पौधारोपण भी किया। इससे पहले सोसायटी के महासचिव डॉ. विद्यासागर पाण्डेय ने बताया कि संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसायटी दिव्यांग बच्चों को केन्द्र में रखकर उनके उपचार के साथ ही उनकी स्किल डवलपमेंट के लिए भी विशेष कार्य कर रहा है।

**काशी विश्वनाथ एवं संकट मोचन हनुमान जी के दर्शन कर देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रातः वाराणसी में काशी विश्वनाथ और संकट मोचन हनुमान जी के दर्शन कर उनसे देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की तथा देश और प्रदेशवासियों के खुशहाल और निरोग जीवन की कामना की।

# कोविड रोगियों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सरकार सतर्कः अशोक गहलोत

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर काफी घातक रही और इसके कारण लोगों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याएं देखने को मिल रही हैं। राज्य सरकार इसे लेकर सतर्क है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग ऐसे मरीजों तथा उनके परिजनों को उचित उपचार और मनोचिकित्सकीय परामर्श देने की समुचित व्यवस्था करे। साथ ही, उन्हें पोस्ट कोविड दुष्प्रभावों के समय पर उपचार, संतुलित आहार एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग दी जाए। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोविड-19 समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में कई हृदय विदारक दृश्य देखने को मिले। अनेक परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है। लम्बे समय तक उपचार के बाद लोगों में आ रहे पोस्ट कोविड दुष्प्रभाव हमारे लिए चिंता का विषय है। हमारा प्रयास है कि ऐसे रोगियों और परिजनों को समुचित उपचार एवं परामर्श मिले, ताकि वे जल्द से जल्द इन स्वास्थ्य समस्याओं से उबर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून से केन्द्र सरकार की ओर से 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के नागरिकों के लिए मुफ्त कोविड टीकाकरण शुरू होगा। प्रशासनिक अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम इसके लिए प्रभावी योजना तैयार कर इसे अभियान का रूप दें, ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन सुनिर्श्चित हो सके। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन में राजस्थान ने अब तक उत्कृष्ट प्रबंधन किया है।

इसी गति को आगे बढ़ाते हुए हमें जल्द से जल्द सभी आयु वर्ग के टीकाकरण का काम पूरा करना है। उन्होंने कहा कि राज्य में चलाए गए व्यापक जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप राजस्थान में वैक्सीनेशन को लेकर लोगों में भ्रांति नहीं है। गहलोत ने लोगों को कोरोना अनुशासन की पालना में कोताही नहीं बरतने की अपील करते हुए कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए निरन्तर मास्क पहनने, उचित दूरी रखने सहित सभी हेल्थ प्रोटोकॉल की पालना करना अतिआवश्यक है।

## जॉब्स

1. 1. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर व अन्य , पद संख्या 857, अंतिम तिथि 23 जून 2021
2. 2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 918, अंतिम तिथि 23 जून 2021
3. 3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद हेड मास्टर, पद संख्या 83, अंतिम तिथि 13 जुलाई 2021
4. 4. राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, पद जूनियर असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर, जूनियर अकाउंटेंट व अन्य, पद संख्या 1295, अंतिम तिथि 21 जून 2021
5. 5. हरियाणा पुलिस, पद कमांडो विंग में कांस्टेबल ग्रुप सी, पद संख्या 520, अंतिम तिथि 29 जून 2021
6. 6. आईबीपीएस आरआरबी, पद ऑफिस असिस्टेंट, ऑफिसर स्केल l व अन्य,पद संख्या 10293, अंतिम तिथि 23 जून 2021
7. 7. राष्ट्रीय केमिकल एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, पद ऑपरेटर ग्रेड l (केमिकल), पद संख्या 50, अंतिम तिथि 21 जून 2021
8. 8. भारतीय दक्षिण रेलवे, पद अप्रेंटिस , पद संख्या 3322, अंतिम तिथि 30 जून 2021

# कटरीना कैफ
## लॉकडाउन खत्म के बाद ये करनेवाली हैं ,जानिये क्या है उनका पूरा प्लान

कटरीना बेसब्री से लॉकडाउन खत्म होने का इंतजार कर रही हैं, ताकि वो अपने दिल के बेहद करीब फिल्म की शूटिंग शुरु कर सकें।देश की सबसे पसंदीदा बॉलीवुड सितारों में से एक, कटरीना कैफ अपनी खूबसरती और काम से दर्शकों को सरप्राइज करने के लिए जानी जाती हैं। जल्द ही कटरीना रोहित शेट्टी के आगामी पुलिस ड्रामा सूर्यवंशी और हॉरर कॉमेडी फोन भूत में दिखाई देंगी। इसके अलावा जल्द ही उनके एक और बड़े प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू होनेवाली है। लेकिन ये सभी चीजें इस बात पर टिकी हैं कि लॉकडाउन कब खुलेगा।सूत्रों के मुताबिक, कटरीना इन दिनों एक ऐसी फिल्म की शूटिंग शुरू करने के इंतजार में हैं, जो उनके दिल के बाहद करीब है। हम बात कर रहे हैं टाइगर 3, जिसमें कटरीना अपनी पिछली फिल्मों टाइगर जिंदा है और एक था टाइगर की तरह, खतरनाक एक्शन सीक्वेंस करती नजर आएंगी। मुंबई में



फिल्म का सेट तैयार है और उनके साथ-साथ पूरी टीम कोविड की स्थिति बेहतर होने का इंतजार कर रही है। लॉकडाउन हटने के साथ ही कैटरीना टाइगर 3 की शूटिंग शुरू कर देंगी। इस बीच, हाल ही में कटरीना कैफ के ब्यूटी ब्रांड के ब्यूटी ने प्राइड मंथ मनाया और सोशल मीडिया पर कुछ खूबसूरत पोस्ट साझा कीं। ब्रांड ने लिखा, हम एक साथ खड़े हैं। आइए प्यार और क्षमता को गले लगाते हैं जो हम सभी को एक दूसरे के करीब लाने के लिए है।

## सीता के रोल के लिए करीना ने मांगी डबल फीस, जानें क्या है वजह

काफी लंबे समय से बॉलीवुड से दूर रहने के बाद करीना कपूर खान अपनी अपकमिंग मूवी के चलते सुर्खियों में बनी हुई हैं। बतादें कि जब से देश में कोरोना जैसे हालात पैदा हुए हैं तब से ही धार्मिक फिल्मों व धारावाहिकों का क्रेज बढ़ता हुआ दिख रहा है। इसी के चलते कई बड़े एक्टर्स ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनने की कोशिश कर रहे हैं। जहां एक ओर सैफ अली खान फिल्म 'आदिपुरूष' में रावण का रोल प्ले करने के लिए चर्चा का विषय बने हुए हैं तो वहीं दूसरी और उनकी बीबी यानी करीना कपूर खान अपनी आने वाली फिल्म में सीता के रोल के किए जाने की खबर से चर्चा का विषय बनी हुई हैं।मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो करीना का



सुर्खियों में बने रहने का विषय सीता का रोल नहीं बल्कि सीता का रोल करने के लिए उन्होंनें भारी-भरकम रकम की डिमांड की है इसलिए वह सुर्खियों में बनी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पौराणिक गाथा पर आधारित एक फिल्म में करीना कपूर सीता का अभिनय कर सकती हैं, जिसमें रामायण को माता सीता के नजरिए से दिखाया जाएगा। करीना की इस फिल्म को लेकर जब प्रोड्यूसर-डायरेक्टर अलौकिक देसाई कुछ महीने पहले करीना के पास फिल्म लेकर पहुंचे थे जिसमें उन्होनें मेकर्स के सामने भारी भरकम रकम की डिमांड कर दीं।रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म मेकर्स अलौकिक देसाई चाहते हैं कि उनकी फिल्म में करीना ही सीता का किरदार निभाए।

## पहली नजर में ही एक दूसरे से प्यार कर बैठे थे शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा, फिल्मी है लव स्टोरी

शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की मोस्ट ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से हैं। फिल्मों के अलावा अब वो अपनी फिटनेस के लिए जानी जाती हैं। अपना जन्मदिन मनाने वालीं शिल्पा 46 साल की हो गई हैं। शिल्पा और राज कुंद्रा की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। उनके दो बच्चे हैं बेटा वियान और बेटी समीशा। तो चलिए आज शिल्पा के जन्मदिन पर बताते हैं उनकी जिदंगी से जुड़ी कुछ खास बातें।



**पहली मुलाकात**-शिल्पा और राज पहले बिजनेस से जुड़े काम के सिलसिले में मिले थे। राज, शिल्पा को परफ्यूम ब्रांड S2 के प्रमोशन में मदद कर रहे थे। उस वक्त जब दोनों के बीच रोमांस की खबरें आने लगीं तो राज कुंद्रा ने इससे इनकार करते हुए कहा था कि वो केवल अच्छे दोस्त हैं।शिल्पा तो राज को पहली बार देखते ही फिदा हो गई थीं हालांकि उन्हें जब पता चला कि राज पहले से शादीशुदा हैं तो उन्हें दुख भी हुआ। जब राज का तलाक हो गया तो दोनों ने एक दूसरे को डेट करना शुरू किया। वहीं राज के साथ भी ऐसा ही था। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि शिल्पा को देखते ही उन्हें प्यार हो गया था। उन्हें समझ आ गया कि ये उनकी होने वालीं पार्टनर हैं।

# क्या आम खाने से मोटापा बढ़ जाता है?
## आइए जानें आम से जुड़े ऐसे ही मिथ्स की सच्चाई

ये मौसम आम का है, और इसके बारे में कुछ भी गलत सुनने से पहले जरूरी है कि उसे वैज्ञानिक पैमानों पर चैक कर लिया जाए। क्योंकि आम के मौसम में खुद को आम खाने से रोकना अच्छी बात तो नहीं है न!



आम फलों का राजा है और गर्मियों में आम खाना किसे पसंद नहीं होता है! मगर आम से जुड़े मिथ की वजह से आजकल लोगों ने इसे खाना छोड़ दिया है। खासकर जो लोग हेल्थ कॉन्शियस हैं और अपना वज़न कम करने की कोशिश कर रहे हैं।ऐसा माना जाता है कि आम अनहेल्दी होते हैं। लेकिन हकीकत में यह फल विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट के साथ-साथ कार्बोहाइड्रेट और नेचुरल शुगर से भरपूर होता है।2017 में फूड एंड फंक्शन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, आम में सूक्ष्म पोषक तत्व, फाइटोकेमिकल्स और बायोएक्टिव यौगिक चयापचय और सूजन संबंधी विकारों के जोखिम को कम कर सकते हैं।अगर आपको भी आम खाना बहुत पसंद है और इससे जुड़ें मिथ की वजह से आपने इसे खाना छोड़ दिया है, तो आपको इन मिथ के बारे में ज़रूर जानना चाहिए।

**मिथ 1: आम खाने से आप मोटे हो सकते हैं**-आम में कैलोरी और फ्रुट शुगर की मात्रा अधिक होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अगर आप इन्हें खाते हैं, तो आपका वजन बढ़ जाएगा। यह फल विटामिन A, विटामिन C, आयरन, पोटैशियम, कॉपर और मंगिफेरिन, कैटेचिन और क्रेरसेटिन जैसे बायोएक्टिव यौगिकों से भी भरपूर होता है।इन सभी की आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता होती है। तो जब तक आप उन्हें 'बिंज' नहीं करते हैं, तब तक आम वास्तव में पौष्टिक होते हैं।

**मिथ 2: आम खाने से आपकी त्वचा पर मुंहासे हो सकते हैं**-यह हम सभी को लगता है कि आम खाने से शरीर की गर्मी बढ़ सकती है और आपकी त्वचा पर पिंपल्स हो सकते हैं। लेकिन आम में पाए जाने वाले विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट वास्तव में त्वचा के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं। यदि आप उचित मात्रा में खाएंगे तो मुंहासे नहीं होंगे। दिन में एक दो आम आप आराम से खा सकते हैं।

**मिथ 3: मधुमेह रोगियों को आम नहीं खाना चाहिए**-विशेषज्ञ मधुमेह रोगियों को 55 से कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फल खाने की सलाह देते हैं। आम का जीआई 51 होता है, और इसलिए यह रक्त शर्करा को अत्यधिक प्रभावित नहीं करता। मधुमेह रोगियों के लिए सुबह के समय आम के छोटे हिस्से का सेवन करना सुरक्षित है। हालांकि, आम का अत्यधिक सेवन मधुमेह के रोगियों के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है और इससे हर कीमत पर बचना चाहिए।

**मिथ 4. आम खाने से आपको गर्मी का अहसास हो सकता है**-लोग ऐसा मानते हैं कि आम की तासीर गर्म होती है। मगर कुछ भी खाने से आपके शरीर में गर्मी पैदा होती है, क्योंकि आपका मेटाबॉलिक सिस्टम भोजन को पचाने और उसे ऊर्जा में बदलने में व्यस्त होता है। इसलिए, कई अन्य खाद्य पदार्थों की तुलना में अधिक गर्मी उत्पन्न कर सकते हैं। परंतु आम को ठंडे पानी में भिगोने से भी इसके शीतलन प्रभाव को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

**मिथ 5: गर्भवती महिलाओं को आम नहीं खाना चाहिए-**

आम स्वास्थ्य लाभ से भरपूर होते हैं और निश्चित रूप से गर्भवती महिलाओं को इस फल के पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। इस मिथ के मौजूद होने का एकमात्र कारण यह है कि गर्भावस्था के दौरान वजन बढ़ना और गर्भकालीन मधुमेह प्रमुख समस्याएं हैं। गर्भवती महिलाओं को इनमें से कोई भी समस्या होने पर ही आम खाने से बचना चाहिए। नहीं तो दिन में आम के छोटे-छोटे टुकड़े खाए जा सकते हैं।









## एनगिडी और नोर्ट्जे ने मिलकर बजाई वेस्टइंडीज की बैंड, दक्षिण अफ्रीका मजबूत

नई दिल्ली। सेंट लूसिया के ग्रॉस आइलेट में मेजबान वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में चार विकेट गंवाकर 128 रन बनाकर 31 रनों की बढ़त भी हासिल कर ली है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और एनरिच नोर्ट्जे ने जबर्दस्त गेंदबाजी की और मेजबान टीम को पहली पारी में 100 रनों के आंकड़े तक भी नहीं पहुंचने दिया। एनगिडी ने पांच, जबकि नोर्ट्जे ने चार विकेट लिए, एक विकेट कगीसो रबाडा के खाते में गया। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, लेकिन पूरी टीम महज 97 रनों पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की ओर से बेस्ट स्कोरर जेसन होल्डर रहे, जिन्होंने 20 रनों की पारी खेली। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट और शाई होप ने 15-15 रनों का योगदान दिया। रहकीम कॉर्नवॉल 13 और एनक्रुमाह बोनर ने 10 रन बनाए। इन पांच बल्लेबाजों के अलावा कोई भी कैरेबियाई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। कप्तान डीन एल्गर बिना खाता खोले कीमर रोच का शिकार बने। एडेन मार्करम ने कीगन पीटरसन के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश की। पीटरसन 19 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मार्करम 60 रन बनाकर डेब्यू टेस्ट खेल रहे जेडेन सील्स का शिकार बने। जेडेन सील्स ने अपने डेब्यू टेस्ट में तेज गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने पीटरसन, मार्करम और काइल वेरिने को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

## श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान, शिखर धवन को सौंपी गई कप्तानी

नई दिल्ली। श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया गया। शिखर धवन को श्रीलंका दौरे के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है। ऑल इंडिया सीनियर सलेक्शन कमेटी ने टीम का ऐलान किया। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम 13 से 25 जुलाई के बीच श्रीलंका में तीन वनडे और तीन टी20



मैचों की सीरीज खेलेगी।20 सदस्यीय भारतीय टीम में नीतीश राणा को पहली बार टीम में जगह मिली है। इनके अलावा देवदत्त पडिक्कल और ऋतुराज गायकवाड को भी टीम में जगह मिली है। श्रीलंका दौरे के लिए चुनी गई टीम में सबसे चौंकाने वाला तेज गेंदबाज चेतन सकारिया का है। टीम में ऑलराउंडर कृष्णा गौतम को भी शामिल किया गया है। टीम इंडिया ने 4 नेट बॉलरों को भी श्रीलंका दौरे के लिए चुना है। इशान पोरेल, संदीप वारियर, अर्शदीप सिंह, साई किशोर और सिमरनजीत सिंह को नेट बॉलर के तौर पर टीम में चुना गया है। भारतीय टीम 13 जुलाई को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेलेगी।

## राहुल द्रविड़ बोले- इंडिया-ए टीम के कोच के रूप में सुनिश्चित किया कि हर खिलाड़ी मैच खेले

नई दिल्ली। नेशनल क्रिकेट एकैडमी (एनसीए) के डायरेक्टर राहुल द्रविड़ ने कहा कि जब वह इंडिया अंडर-19 और इंडिया-ए टीमों के कोच थे, तो उन्होंने सुनिश्चित किया था कि दौरे पर गए हर खिलाड़ी को मैच खेलने का मौका मिले जबकि उनके जमाने में ऐसा नहीं होता था। भारत की युवा प्रतिभाओं को तराशने का श्रेय द्रविड़ को जाता है। वह अब अगले महीने



श्रीलंका के दौरे पर जाने वाली भारत की सीमित ओवरों की टीम के कोच होंगे। इस टीम की अगुवाई शिखर धवन करेंगे। द्रविड़ अब इंडिया-ए और इंडिया अंडर-19 टीमों के साथ नहीं जाते हैं, लेकिन इसकी शुरुआत उन्होंने ही की थी कि दौरे पर जाने वाले हर खिलाड़ी को मैच खेलने का मौका जरूर मिले। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक राहुल द्रविड़ ने कहा, मैं उन्हें पहले ही बता देता था कि अगर आप मेरे साथ ए टीम के दौरे पर आए हो तो फिर आप यहां से मैच खेले बिना नहीं जाओगे।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# संक्रमण के संकुचन का एहसास

कोरोना संक्रमितों की संख्या का संकुचन इनदिनों समस्त देशवासियों को मानसिक सुदृढ़ता प्रदान कर रहा है। भारत संक्रमण की दूसरी लहर से जिस कदर उभर रहा है वह प्रशंसनीय है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर ने देशवासियों को जिस तरह से निचोड़ा वह अपने आप में नायाब है। एक दिन में 04 लाख 15 हजार से अधिक लोगों को संक्रमित करने वाली दूसरी लहर, एक दिन मे 04 हजार 450 से अधिक अभागों को अपना शिकार बनाने पर उतारू थी। गत मई माह को यदि देश के इतिहास मे ब्लैक मई के नाम से दर्ज किया जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। बीते माह 25 दिनों के दौरान देश मे लगभग 90 लाख 30 हजार कोरोना केस दर्ज हुए। जबकि इस अवधि के दौरान लगभग 01 लाख लोगों को अकाल ही काल के गाल मे समाने को मजबूर होना पड़ा। जो अपने आप में एक दयनीय वैश्विक रिकॉर्ड है। कोरोना की दूसरी लहर ने जिस तरह से देशवासियों को झकझोरा उसकी कल्पना हमने बिलकुल भी नहीं की थी। पहली लहर पर विजय हासिल करने के उपरांत हम सब को लगा कि जल्द ही हालात सामान्य हो जाएगें। परंतु कोविड की दूसरी वेव ने विगत अप्रैल व मई माह मे सबको हिला दिया। गत वर्ष के दौरान जब देश मे एक दिन मे 01 लाख से अधिक कोरोना केस उजागर हो रहें थे तो आमजन अपने आप को मानसिक रूप से कमजोर महसूस करने लगा था पर वक्त रहते हमने उन हालतों पर काबू पा लिया था। लेकिन संक्रमण के दूसरे जानलेवा हमले ने जब आंकड़ों को एक दिन के दौरान 04 लाख 14 हजार के पार पंहुचाया तो लोगों के पास स्थिति को बयां करने के लिए शब्द ही नहीं थे। हालांकि देशवासियों की सूझबूझ, दृढ़ विश्वास और उचित व्यवहार ने भारत को महामारी की दूसरी लहर पर विजय पाने मे महारत हासिल की है। परंतु इसके मायने यह कतई नहीं कि संक्रमण का हत्यारा दुस्साहस अब देश से छट गया है। और हम सरेआम घुमने के लिए आजाद हैं,परिवार संग सैर सपाटे पर जा सकते हैं। मास्क पहनना, शारीरिक दूरी का पालन करना और बार बार हाथ धोना अभी भी उतना ही जरूरी है जितना आवश्यक यह विगत वर्ष के दौरान था। देश मे आजकल भी एक दिन मे लगभग 95 हजार नएं कोरोना मामले उजागर हो रहें हैं।



राम गोपाल सैनी

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयन्ती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

चौमूं (हमारा वतन) श्री राजपूत सभा चौमूं के तत्वाधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप कि जयन्ती के उपलक्ष में माकड़ कुंडा धाम और महामाया धाम में बेजुबान जानवरों की भोजन व्यवस्था की ।

इसके उपरांत श्री साईं बाबा मंदिर इटावा भोपजी के महंत आर्मी रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत चौमूं और राजपूत सभा अध्यक्ष ने महाराणा प्रताप जयन्ती के उपलक्ष में यज्ञ किया । आचार्य गिरिराज शर्मा ने मंत्र उच्चारण के साथ आहुति दिलवाई ।

इस मौके पर वर्चुअल माध्यम से रूक्ष्मणि कुमारी राज परिवार चौमूं , ब्राह्मण समाज राजस्थान के जिला अध्यक्ष भुनेश तिवाडी ,श्री राजपूत सभा के सचिव भैरोसिंह नाथावत, कोषाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह सोलंकी, प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य उमाशंकर सिंह सिसोदिया, विधि सलाहकार अजय सिंह एडवोकेट, कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र सिंह नाथावत ,प्रेस प्रवक्ता विक्रम सिंह जोधा, कार्यकारणी सदस्य जयसिंह रावत, वरिष्ठ सदस्य प्रेमसिंह सोलंकी, पूर्व सचिव सुमेर सिंह शेखावत, सभा के सदस्य भवानी सिंह , पत्रकार सदस्य भूपेंद्र सिंह नाथावत ,चंदन सिंह ,महिपाल सिंह सोलंकी ,यतेंद्र सिंह सोलंकी आदि लोग उपस्थित होकर यज्ञ में भाग लिया । साथ ही महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए । इस मौके पर सभा के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह नाथावत ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला और छोटे-छोटे बच्चों को और वर्चुअल माध्यम से जुड़े हुए सभी लोगों को महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का संकल्प दिलाया ।





# सरकार ने राज्य के कलाकारों की आर्थिक सहायता कर किया पुण्य का काम-जाँगिड

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान के कलाकारों की पिछले साल से कोरोना महामारी की वजह से हुए तंग हाल व परेशानियों को राजस्थान सरकार ने आर्थिक मदद कर दूर किया है । फिल्म अभिनेता राज जाँगिड ने बताया की सिनेमा से जुड़े संगठनों ने सरकार को सिनेमा से जुड़े लोगों की परेशानियों से अवगत कराते हुए आर्थिक सहायता की मांग की थी , जिसे तुरंत मानते हुए राजस्थान सरकार ने राजस्थान के 2 हजार कलाकारों को 5-5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि कलाकार कल्याण कोष के माध्यम से देने की घोषणा की । सरकार के इस निर्णय पर कलाकारों ने राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला का फिल्म अभिनेता राज जाँगिड ने राजस्थान के जरूरतमंद कलाकारों को आर्थिक संभल प्रदान करने पर राजस्थान के कलाकार परिवार की तरफ से आभार जताया। सरकार से आहवान करते हुए राज जाँगिड ने कहा की कलाकार राजस्थान की धरोहर हैं। राजस्थान की कला एवं संस्कृति तथा गीत-संगीत व भाषा को कलाकारों ने ही जीवित रखा है। हम सरकार से आहवान करते है कि इसी तरह राजस्थान की धरोहरों ( कलाकारों ) को सुरक्षित रखें । जाँगिड ने साथ ही राजस्थान के समाचार पत्रों का भी आभार जताया जिन्होंने समय समय पर सिनेमा की समस्याओं से सरकार को अवगत कराते रहे है ।



# संतोष डीजल्स बने माली (सैनी) महासभा के तहसील अध्यक्ष

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं निवासी संतोष कुमार सैनी को माली (सैनी) महासभा पंचायत संस्थान जयपुर जिला कार्यकारिणी के जिला अध्यक्ष साधु राम सैनी ने संस्थान के तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की । संतोष डीजल्स ने कहा कि पहले भी कई बार समाज द्वारा सेवा करने की जिम्मेदारी दी गई थी उसको पूर्ण रूप से निभाया है । फिर से समाज के लोगों ने विश्वास जताकर जिम्मेदारी दी है । इस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का काम करूंगा । सैनी कि नियुक्ति पर समाज बंधुओं ने पदाधिकारियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत और सम्मान किया । इस दौरान जिला देहात संस्थान के संयोजक सेडू राम सैनी पूर्व सरपंच खोरा श्यामदास, शाहपुरा तहसील के अध्यक्ष रामनारायण सैनी, ओम प्रकाश सैनी प्रवक्ता जिला देहात, गोविंद सैनी सामोद, प्रभु सैनी अमर होंडा, अशोक सैनी कैलाश चन्द सैनी और समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।



# पूर्व मिसेज इंडिया राजस्थान प्रियंका चौधरी हनीट्रैप मामले में गिरफ्तार

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान में हनीट्रैप के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ताजा मामला जयपुर में सामने आया है। एक व्यापारी को पूर्व मिसेज इंडिया राजस्थान ने जाल में फंसा लिया। व्यापारी से परिचय कर मकान किराया पर लिया। इसके बाद पारिवारिक संबंध बनाकर दुष्कर्म में फंसाने की धमकी देकर करोड़ों रुपए ठग लिए। पुलिस ने मिस राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, हेड कांस्टेबल से भी पुलिस पूछताछ कर रही है, जो मिसेज राजस्थान का पति है। श्यामनगर थाने के एएसआई जय सिंह ने बताया कि श्यामनगर पुलिस ने आरोपी महिला प्रियंका चौधरी को गिरफ्तार किया है। ये उत्तम मार्ग की रहने वाली है। महिला का पति भी राजस्थान पुलिस में हेडकांस्टेबल है। तीन जून को व्यापारी घासीलाल चौधरी ने श्याम नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन यह मामला पुलिस छिपाती रही और जांच करती रही। भारी दबाव के बाद शुक्रवार देर रात को ये मामला सामने आने के बाद युवती को गिरफ्तार किया गया। हनीट्रैप का शिकार हुए व्यापारी शहर की पॉश पार्शवनाथ कालोनी में रहते हैं। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी महिला उनसे धमकी देकर 400 वर्ग गज का प्लॉट मांग रही है।

व्यापारी घासीलाल चौधरी ने रिपोर्ट में बताया कि 2016 में प्रियंका चौधरी पति के साथ घर पर आई थी। उसने खुद को पीड़ित व्यापारी के गांव के पास का बताकर किराए पर मकान मांगा।

मकान में रहने के बाद उससे पारिवारिक संबंध बना लिए। व्यापारी के काम का पता लगने पर प्रियंका ने संपर्क बढ़ाने शुरू कर दिए। इसके बाद धीरे-धीरे जरूरत बता कर रुपए मांगने लग गई। उसने झांसा देकर लाखों रुपए व्यापारी से ले लिए। यहां तक कि व्यापारी से खुद के लिए सोने के गहने भी बनवा लिए। वह लगातार उस पर दबाव बना कर ब्लैकमेल कर रही थी। जांच में सामने आया हैं कि 2019 में मिसेज इंडिया राजस्थान बनी प्रियंका चौधरी को लग्जरी लाइफ का काफी शौक है। वह पार्टी में जाती है और महंगे शौक रखती है। फिलहाल पुलिस उसके हेडकांस्टेबल पति की भी भूमिका की जांच कर रही है। व्यापारी से ठगी में उसका क्या रोल रहा है। पुलिस युवती को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।



# इनकम टैक्स की नई वेबसाइट को लेकर इंफोसिस ने दी सफाई, जानें क्या कहा

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस ने आयकर विभाग की नई ई-फाइलिंग वेबसाइट की समस्याएं इस सप्ताह दूर होने और उसके सुचारू रूप से काम करने की उम्मीद जतायी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक दिन पहले इन्फोसिस से नई ई-फाइलिंग वेबसाइट में आ रही तकनीकी खामियों को लेकर कहे जाने के बाद कंपनी ने यह बात कही। उल्लेखनीय है कि सीतारमण ने इन्फोसिस और उसके चेयरमैन नंदन निलेकणि से आयकर विभाग की नई ई-फाइलिंग वेबसाइट में आ रही तकनीकी खामियों को दूर करने को कहा। ट्विटर पर भारी संख्या में उपयोगकर्ताओं की शिकायतों के बाद वित्त मंत्री ने यह कदम उठाया।इन्फोसिस ने ट्विटर पर लिखा है, हमारी टीम तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिये काम कर रही है। हमें उम्मीद है कि इस सप्ताह वेबसाइट सुचारू रूप से काम करने लगेगी। इन्फोसिस को 2019 में अगली पीढ़ी की आयकर फाइलिंग प्रणाली तैयार करने का अनुबंध दिया गया था। इसका मकसद रिटर्न की प्रसंस्करण प्रक्रिया में लगने वाले 63 दिन के समय को कम कर एक दिन करने और रिफंड प्रकिया को तेज करना है। वित्त मंत्री ने ट्विटर के जरिये आयकर फाइलिंग का नया पोर्टल शुरू किये जाने की घोषणा की थी।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा